CAREERINDIA

**CCE PF**
**CCE PR**

ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : **06-H** ವಿಷಯ : ಪ್ರಥಮ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ

**Code No. : 06-H** **Subject : First Language — HINDI**

**( ಹೊಸ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ / New Syllabus )**

**( ಖಾಸಗಿ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ + ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಖಾಸಗಿ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / Private Fresh + Private Repeater )**

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :***

i) इस प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में वस्तुनिष्ठ एवं गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 64 प्रश्न हैं ।

ii) वस्तुनिष्ठ प्रश्न के लिये जगह प्रत्येक प्रश्न के साथ दिया गया है । आपको सही विकल्प को चुनना है एवं प्रदत्त जगह में संकेताक्षर सहित पूर्ण उत्तर लिखना है ।

iii) गैर-वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के लिए प्रत्येक प्रश्न के साथ पर्याप्त जगह दिया गया है । आपको उसी जगह में प्रश्न के उत्तर देना है ।

iv) वस्तुनिष्ठ एवं गैर-वस्तुनिष्ठ दोनों प्रकार के प्रश्न हेतु दिए गए निर्देशों का पालन करें ।

v) परीक्षार्थी उत्तरों को पेंसिल से न लिखें । ऐसा करने पर उन उत्तरों का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा ( सिवाय ग्राफ, डायग्राम एवं मानचित्र ) ।

vi) बहुविकल्पीय, रिक्त स्थान पूर्ति एवं जोड़े मिलाना प्रश्नों के मामले में रगड़ने / दोबारा लिखने / चिह्नित करने की अनुमति नहीं है, ऐसे में मूल्यांकन के लिए अयोग्य माना जायेगा ।

vii) परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने हेतु 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है ।

viii) दाहिनी तरफ हाशिए में जो जगह छोड़ी गयी है उसमें कुछ मत लिखिए ।



www.careerindia.com

CAREERINDIA



## विभाग "A"

### गद्य, पद्य, पोषक अध्ययन - ( 92 अंक )

I. निम्न प्रश्नों के उत्तर **एक-एक** वाक्य में लिखिए : 16 × 1 = 16

1. पुरुषोत्तम का घर कहाँ था ?
2. बारीक चीजों को देखने के लिए उपयोगी चीज़ कौन-सी है ?
3. गाँधीजी का पूरा नाम क्या था ?
4. लाला झाऊलाल का जी क्यों सनसनाया ?
5. कौन-सी यात्रा के कारण वेंकटराव के जीवन में परिवर्तन आया ?
6. केवट की बातें कैसी थीं ?
7. मीरा दर्द के मारे कहाँ-कहाँ भटक रही है ?
8. कवि ने चिड़िया से क्या माँगा ?
9. बड़े भाई और छोटे भाई में कितने साल का अंतर था ?
10. 1931 में कौन-सा समझौता चल रहा था ?
11. आज के युग को क्या कहते हैं ?
12. राष्ट्रीय बालश्रम नीति कब बनी ?
13. परिवार रूपी रथ के दो पहिये कौन हैं ?
14. मानव को किसका आमंत्रण मिला है ?
15. कबीर के अनुसार भगवान का निवास स्थान कहाँ होता है ?
16. पिछड़ा आदमी कहाँ टकटकी लगाये बैठा रहता था ?

II. निम्न प्रश्नों के उत्तर **दो** या **तीन** वाक्यों में लिखिए : 16 × 2 = 32

17. रुपया किन-किन को अपनी शरण में आने के लिए कहता है और क्यों ?
18. गाँधीजी की पढ़ाई के बारे में आप क्या जानते हैं ?
19. "मानवाधिकार शोषण एक हत्या है ।" स्पष्ट कीजिए ।
20. मनु ऋषि ने नारी के बारे में क्या कहा है ?
21. स्वच्छ शिला पर कौन और क्यों बैठा है ?
22. मानव के तन-मन पर किसने आघात किया है ?
23. पिछड़ा आदमी चुप कब रहता था ? वह सबके चलने पर कहाँ जाता था ?

www.careerindia.com

CAREERINDIA



24. दोनों भाइयों के बीच जब एक दर्जे का अंतर रहा तो बड़े भाई के बरताव में क्या फरक आया ?

25. विज्ञान अभिशाप बन सकता है, कैसे ? बताइए ।

26. हमारा देश स्वर्ग के लिए ईर्ष्या-स्थान कैसे बना है ?

27. श्रीराम के पैर की धूल में कान-सी शक्ति है ?

28. सपने में अनदेखे आरूप ने कवि से क्या मांगा ?

29. पंचवटी की मनमोहक प्रकृति का वर्णन कीजिए ।

30. लाहौर से सहारनपुर यात्रा में किस पहेली को सुलझाने का चेष्टा कर रहे थे ?

31. दिलावर खाँ और रहमान बेग कौन हैं ?

32. नारी मानव जीवन का निर्माण कैसे करती है ?

III. निम्न वाक्यों के संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 6 × 3 = 18

33. जनाब, अब भी शक की कोई गुंजाइश बाकी है ?

i) पाठ का नाम :

ii) लेखक का नाम :

iii) किसने किससे कहा :

iv) व्याख्या :

34. मुझको आँख दिखाकर, मुझे ठुकराकर, मुझसे विद्रोह कर, कोई बच सकता है ? कोई नहीं ।

i) पाठ का नाम :

ii) लेखक का नाम :

iii) किसने किससे कहा :

iv) व्याख्या :

35. अति आनंद ........................ कोऊ नाहिं ।।

i) पद्य भाग का नाम :

ii) कवि का नाम :

iii) व्याख्या :



www.careerindia.com

CAREERINDIA



36. घायल की गति ........................ जिण जौहर होय ।।

    i) पद्य भाग का नाम :

    ii) कवि का नाम :

    iii) व्याख्या :

37. हुजूर को नहीं दिखा तो हमें कैसे दीख सकता है ।

    i) पाठ का नाम :

    ii) लेखक का नाम :

    iii) किसने किससे कहा :

    iv) व्याख्या :

38. आज महान कर्म आमंत्रण हमें मिला है अम्बर से
    धनुष-यज्ञ का आज निमंत्रण आया विजय स्वयंवर से
    करके मुक्त प्राण, मन-तन सब सदियों के आडंबर से
    .................................................. प्राण भरें ।

    i) पद्य भाग का नाम :

    ii) कवि का नाम :

    iii) व्याख्या :

IV. निम्नलिखित लेखक / कवि के बारे में लिखिए : $2 \times 3 = 6$

39. डॉ० इकबाल :

    i) जन्म-काल

    ii) उनके बारे में जानकारी ।

40. श्री हरिशंकर परसाई :

    i) जन्म काल

    ii) कृतियाँ

    iii) उनके बारे में जानकारी ।

www.careerindia.com

CAREERINDIA



V. निम्नलिखित पद्य भाग को पूर्ण कीजिए : 4

41. राग स ..................................................................................

..................................................................................

..................................................................................

.................................................................. अपनी चाल !

**अथवा**

आसरा मत ..................................................................................

..................................................................................

..................................................................................

.................................................................. में राग ।

VI. निम्नलिखित पद्य का सारांश लिखिए : 4

42. जपमाला, छापै तिलक, सरै न एकौ कामु ।

मन कांचै नाचै वृथा, सांचै रांचै राम ।।

**अथवा**

मैया मोरी मैं नहिं माखन खायो ।

भोर भयो गैयन के पीछे मधुबन मोहिं पठायो ।

चार पहर बंसी बट भटक्यो, साँझ परे घर आयो ।

मैं बालक बहियन को छोटो, छीको कहि विधि पायो ।

VII. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर **छः -आठ** वाक्या में लिखिए : $2 \times 4 = 8$

43. अंगरेज को किस बात का शोक था ? बिलवासी जी ने उसका लाभ कैसे उठाया ?

**अथवा**

काठियावाड़ तथा भारत की जनता गाधीजी की ओर क्यों आकृष्ट हुई ?

44. कर्नाटक विद्यावर्धक संघ की प्रगति में वेंकटरावजी के योगदान के बारे में लिखिए ।

**अथवा**

गरीब घरों के बच्चे ही बालशोषण के शिकार क्यों बनते हैं ?

VIII. निम्न प्रश्न का उत्तर **छः -आठ** वाक्यों में लिखिए : 4

45. गोपिकाएँ कृष्ण के प्रति अपनी विरह वेदना किस प्रकार प्रकट करती हैं ?



www.careerindia.com

CAREERINDIA



## विभाग "B"

### व्याकरण, अलंकार, छन्द - ( 20 अंक )

IX. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए **चार-चार** विकल्प दिये गये हैं। सही विकल्प को चुनकर प्रश्न के नीचे दी गयी जगह पर क्रमाक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए : $10 \times 1 = 10$

46. 'अंबर' शब्द का पर्यायवाची शब्द है

(A) आसमान (B) चन्द्र

(C) नक्षत्र (D) माता ।

47. 'बालक' शब्द का अन्य लिंग है

(A) बालकी (B) बल्कि

(C) बालिका (D) लड़की ।

48. 'उत्थान' का विलोम शब्द है

(A) प्रगति (B) अवसान

(C) उठना (D) गिरना ।

49. 'परमात्मा' कौन संधि है ?

(A) गुण संधि (B) यण संधि

(C) अयादि संधि (D) दीर्घ संधि ।

50. निम्न शब्दों में उपसर्ग सहित शब्द कौन है ?

(A) बेसुरा (B) अंधेरा

(C) अधिकार (D) झगड़ालू ।

51. 'मानव' शब्द का संज्ञा रूप है

(A) मानवी (B) मानवता

(C) मानवीयता (D) मान ।



www.careerindia.com

CAREERINDIA



52. 'भुजा' का अन्य वचन रूप है

(A) भुजों (B) भुजें

(C) भुजाएँ (D) भुज ।

53. 'बोलना' का प्रथम प्रेरणार्थक रूप है

(A) बुलाना (B) बोल

(C) बुलवाना (D) बोलाना ।

54. क्रिया-विशेषण का उदाहरण है

(A) चलना (B) दौड़ना

(C) धीरे-धीरे (D) आगे ।

55. निम्न शब्दों में रेखांकित वर्ण क्या है ?

<u>प्</u>रपितामह

(A) स्वर (B) व्यंजन

(C) विसर्ग (D) संयुक्ताक्षर ।

X. प्रथम दो पदों से सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे पद से संबंधित पद लिखिए : $4 \times 1 = 4$

56. त्रिपुंड : द्विगु समास :: पूजन-अर्चन : ........................................ ।

57. मैसूर : संज्ञा :: उसने : ........................................ ।

58. महर्षि : गुण संधि :: इत्यादि : ........................................ ।

59. वर्णों के मेल : संधि :: शब्दों के मेल : ........................................ ।

XI. छन्द पहचानकर नाम लिखिए : 3

60. जपमाला छापै तिलक, सरै ने एकौ कामु ।

61. अलंकार पहचानकर नाम लिखिए : 3

कनक-कनक ते सौ गुनी मादकता अधिकाय ।

www.careerindia.com

CAREERINDIA



## विभाग "C"

## रचना - ( 13 अंक )

XII. अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए : $2 \times 1\frac{1}{2} = 3$

62. (a) ओझल हो जाना :

(b) हरित तृण :

XIII. 63. पत्र लेखन : $1 \times 5 = 5$

बहन की शादी में शामिल होने के लिए तीन दिनों की छुट्टी मांगते हुए अपने प्रधानाध्यापक के नाम एक पत्र लिखिए ।

**अथवा**

शाला प्रवास जाने के लिए पैसा और अनुमति मांगते हुए पिताजी के नाम एक पत्र लिखिए ।

XIV. निबंध लेखन : $1 \times 5 = 5$

64. किसी **एक** विषय पर निबन्ध लिखिए :

i) राष्ट्रीय त्योहार

ii) राष्ट्रीय स्वच्छता अभियान

iii) सामाजिक समस्याएँ ।

www.careerindia.com